**10-11-2022**

# डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान द्वारा दवा का छिड़काव कराया गया

दैनिक देश मोर्चा संवाददाता मनी वर्मा

डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में बड़े पैमाने पर डेंगू के मच्छरों को मारने हेतु दवा का छिड़काव ( क्यू की गयी। संस्थान के कॉलोनियों, हॉस्टल मुख्य भवन के अतिरिक्त ये कार्य संस्थान से लगी बस्तियों मै भी किया गया। संस्थान के निर्देशक श्री नरेंद्र मोहन ने बताया की संस्थान द्वारा वृहद रूप से सफाई अभियान पुनः मलाया जा रहा है एवं उन सभी जगहों को जहाँ पानी जमा होने की संभावना रहती है करके कार्यवाही की जा रही है। छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को पुरूप से डेंगू से बचाव के लिए एक एडवाइजरी जारी की गयी है महेन्द्र कुमार यादव कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी







एनएसआई में होती फॉगिंग। अमृत विचार

# शर्करा संस्थान में बचाव के लिए दवा का छिड़काव

**कानपुर।** डेंगू के बढते प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में बडे पैमाने पर बुधवार को दवा का छिडकाव किया।

फॉगिंग के दौरान टीम ने संस्थान की कालोनियां, हॉस्टल व मुख्य भवन के अतिरिक्त पास की बस्तियों में दवा डाली। निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि संस्थान में बडे स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। परिसर में जहां भी पानी भरने की संभावना रहती है। उन स्थानों को विशेष टारगेट किया गया है। यहां रहने वाले बच्चों के लिए भी एडवाइजरी जारी की गयी है।

# डेंगू को ध्यान में रखते हुए शुगर इंस्टीट्यूट हुआ सक्रिय



कानपुर । शहर में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शुगर इंस्टिट्यूट कानपुर सतर्क हो गया है हॉस्टल के साथ-साथ सभी विभागीय कार्यालयों में फागिंग मशीन द्वारा दवा का छिड़काव किया जा रहा है इसके साथ ही साथ छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारियों को डेंगू के प्रकोप से बचाने के लिए दवाओं का वितरण एवं जानकारियां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं इस कार्य का शुभारंभ इंस्टीट्यूट के निदेशक महेंद्र कुमार यादव ने करते हुए बताया कि संसार में दवा का कमी नहीं होगी जरूरत पड़ने पर हर छात्र छात्राएं एवं कर्मचारियों की पूरी मदद भी की जाएगी ।

## महानगर सार

# डेंगू से बचाव को दवा का छिड़काव



**एनएसआई कैंपस में फांगिग करता कर्मचारी।**

कानपुर, 9 नवम्बर। डेंगू के बढते प्रकोप को देखते हु [illegible] र्व संस्थान में बड़े पैमाने पर डेंगू के मच्छरों को मारने के लिए दवा के छिड़काव यानि फागिंग करायी गयी। एनएसआई कैम्पस के कालोनियों, हास्टलों, मुख्य भवन के अतिरिक्त ये कार्य संस्थान में लगी बस्तियों में भी किया गया। सस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि कैम्पस में बृहद रूप से साफ-सफाई अभियान चलाया गया। सभी जगहों को जहां पानी जमा होने की सम्भावना रहती है। चिन्हित करके वहां विशेष रूप से सफाई करायी गई। छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को पृथक रूप से डेगू से बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है।

# डेंगू से बचाव हेतु एनएसआई ने कराई फागिंग




**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में बड़े पैमाने पर डेंगू के मच्छरों को मारने हेतु दवा का छिड़काव किया गया। संस्थान के कॉलोनियों, हॉस्टलों, मुख्य भवन के अतिरिक्त ये कार्य संस्थान से लगी बस्तियों मे भी किया गया। संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने बताया की संस्थान द्वारा वृहद् रूप से सफाई अभियान पुनः चलाया जा रहा है एवं उन सभी जगहों को जहाँ पानी जमा होने की संभावना रहती है, चिन्हित करके कार्यवाही की जा रही है। छात्रावासों मे रहने वाले छात्रों को पृथक रूप से डेंगू से बचाव के लिए एक एडवाइजरी जारी की गयी है।